









# तिरंगे की शान और राष्ट्रभक्ति के नारों से गूंजा ग्रामोदय विवि परिसर

## हर घर तिरंगा अभियान' के तहत निकली भव्य तिरंगा यात्रा, राष्ट्रभावना पर विचार-संगोष्ठी और स्वतंत्रता आंदोलन पर प्रश्नोत्तरी आयोजित

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट, 13 अगस्त, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट में 'हर घर तिरंगा अभियान-2026' के अंतर्गत गुरुवार को राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय चेतना से ओतप्रोत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अभियान के तहत विश्वविद्यालय परिसर में तिरंगा यात्रा, राष्ट्रभावना पर विचार-संगोष्ठी तथा भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन पर आधारित प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई।**




तिरंगों के साथ निकली भव्य यात्रा कार्यक्रम के प्रथम चरण में सभी संकायों के विद्यार्थी, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी एवं स्थानीय नागरिक विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर एकत्रित हुए। कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे ने हरी झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा को रवाना किया। यात्रा में हाथों में तिरंगा लेकर शामिल छात्र-छात्राओं के देशभक्ति के नारों से विश्वविद्यालय परिसर एवं आसपास का वातावरण गुंजायमान हो उठा। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक एवं पूर्व कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्रा, कुलसचिव प्रो. आञ्जनेय पांडेय, अधिष्ठाता प्रो. सूर्यकांत चतुर्वेदी, प्रो. एच.एस. कुशवाहा, प्रो. देवेंद्र प्रसाद पाण्डेय तथा पूर्व कुलगुरु प्रो. भरत मिश्रा सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। तिरंगा यात्रा के संयोजक डॉ. उमेश कुमार शुक्ला रहे। संयोजक मंडल में डॉ. विनोद कुमार सिंह आदि सहयोग किया। विश्वविद्यालय में संचालित वायुयान पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों द्वारा ड्रोन के माध्यम से तिरंगा यात्रा की की गई रिकॉर्डिंग भी आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक एवं पूर्व कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्रा, कुलसचिव प्रो. आञ्जनेय पांडेय तथा तिरंगा यात्रा संयोजक डॉ. उमेश कुमार शुक्ला ने भी अपने विचार रखे। आभार प्रदर्शन कुलसचिव प्रो. आञ्जनेय पांडेय ने किया।

### वंदे मातरम् राष्ट्रजागरण का महामंत्र: सुखाड़िया

तिरंगा यात्रा के पश्चात सी.एम.सी.एल.डी.पी. सभागार में राष्ट्रभावना एवं स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े विषय पर विचार-संगोष्ठी आयोजित हुई। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के मध्य क्षेत्र के संगठन मंत्री श्री चेतस सुखाड़िया रहे। अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे ने की। मुख्य वक्ता श्री चेतस सुखाड़िया ने कहा कि 15 अगस्त के राष्ट्रीय पर्व से पूर्व 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत तिरंगा यात्रा का विशेष महत्व है। देश की आन, बान और शान को अक्षुण्ण रखने के लिए असंख्य देशभक्तों ने अपना जीवन बलिदान किया। आज आवश्यकता है कि प्रत्येक नागरिक भारत का नाम ऊंचा करने के लिए अपना श्रेष्ठ योगदान दे।




# फूड स्ट्रीट पर फूड विभाग का छापा

▸ चाउमीन में कीड़ा मिलने की शिकायत पर लिए सैंपल

नवभारत न्यूज

**नागौद 13 अगस्त, नगर के फूड स्ट्रीट बड़ेरिया प्लाजा में फूड विभाग ने छापेमारी की कार्रवाई की। ग्राहक द्वारा चाउमीन में कीड़ा मिलने की शिकायत के बाद विभाग की टीम मौके पर पहुंची।**

फूड विभाग की टीम ने रेस्तरां में बनने वाले खाद्य पदार्थों की जांच की। इस दौरान संदिग्ध पाए जाने पर चाउमीन और पनीर के सैंपल जांच के लिए लिए गए। सैंपल को लैब भेजा जाएगा और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। बड़ेरिया प्लाजा स्थित इस फूड स्ट्रीट में बड़ी संख्या में लोग खाने के लिए आते हैं। ऐसे में खाने में गंदगी मिलने की शिकायत के बाद ग्राहकों में नाराजगी देखी गई। फूड विभाग के अधिकारियों ने कहा कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# तिरंगा बाइक रैली में स्कूटी पर हेलमेट लगाकर शामिल हुई सीईओ

नवभारत न्यूज

**रामनगर 13 अगस्त, हर घर तिरंगा अभियान के तहत जनपद पंचायत रामनगर से तिरंगा रैली निकाली गई।**

जनपद पंचायत कार्यालय से शुरू हुई रैली मुख्य मार्ग होते हुए थाना चौराहा, पानी टंकी और सतना कैंप सहित प्रमुख मार्गों से गुजरी। रैली में जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी तिरंगा लेकर शामिल हुए। जनपद पंचायत सीईओ भारती दीक्षित भी स्कूटी पर हेलमेट लगाकर तिरंगा रैली में शामिल हुईं। उनके साथ अधिकारी-कर्मचारियों ने देशभक्ति के उत्साह के साथ अभियान में सहभागिता की।रैली का समापन वापस जनपद पंचायत कार्यालय रामनगर में हुआ।

# छात्र-छात्राओं के लिए विधायक की विशेष पहल

**रामपुर बाघेलान 13 अगस्त,** रामपुर बाघेलान में संचालित शासकीय संदीपनि उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में कृषि संकाय एवं वाणिज्य संकाय प्रारंभ किया जाना क्षेत्र के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सराहनीय निर्णय है।जनहितकारी एवं दूरदर्शी निर्णय के लिए विधायक विक्रम सिंह विक्की भैया का हृदय से बहुत-बहुत आभार एवं अभिनंदन।इस पहल से अब हमारे क्षेत्र के विद्यार्थियों को अपनी रुचि और प्रतिभा के अनुरूप कृषि एवं वाणिज्य शिक्षा के बेहतर अवसर अपने ही नगर में उपलब्ध होंगे। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि से विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षा जगत में खुशी और उत्साह का माहौल है।विद्यार्थियों के सपनों को नई उड़ान देने वाला यह कदम निश्चित रूप से रामपुर बघेलान के शैक्षणिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा।



# तिरंगा यात्रा, राष्ट्रभक्ति और एकता का संदेश

नवभारत न्यूज

**नागौद 13 अगस्त, सम्राट अशोक कॉन्वेंट हाई स्कूल, नयागांव नागौद, सतना में हर घर तिरंगा एवं घर-घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।**

देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत इस यात्रा में विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। हाथों में तिरंगा थामे विद्यार्थियों ने देशभक्ति के गीतों और "भारत माता की जय", "वंदे मातरम" जैसे गगनभेदी नारों के साथ पूरे वातावरण को राष्ट्रभक्ति से सराबोर कर दिया। तिरंगा यात्रा के दौरान विद्यार्थियों में देश के प्रति सम्मान, एकता और जिम्मेदारी की भावना देखने को मिली। यात्रा ने ग्रामवासियों में भी देशभक्ति की भावना को जागृत करते हुए राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि देश के प्रति प्रेम, एकता, अनुशासन और राष्ट्रीय गौरव की भावना को मजबूत करने का एक प्रेरणादायक अवसर रहा।

# डिजिटल एप में शाम को हाजरी लगाने छत पर चढ़े शिक्षक



नवभारत न्यूज

**उचेहरा 13 अगस्त, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों की ऑनलाइन डिजिटल उपस्थिति दर्ज कराने के लिए लागू किए गए एप में गुरुवार को तकनीकी खामी सामने आने से शिक्षकों को परेशानी का सामना करना पड़ा.**

शाम के समय लॉग आउट टाइम पर एप में तकनीकी दिक्कत आने के कारण बड़ी संख्या में शिक्षक अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं करा सके। शिक्षकों के मुताबिक निर्धारित समय पर एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने का प्रयास किया गया लेकिन तकनीकी समस्या के चलते प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी इससे शिक्षकों की डिजिटल अटेंडेंस दर्ज नहीं हो पाई काफी देर तक शिक्षक एप पर लॉगइन कर उपस्थिति दर्ज कराने का प्रयास करते रहे, लेकिन सफलता नहीं मिली।



रामनगर।कंदवारी ग्राम पंचायत मूर्तिहाई में सभी शिक्षक अपनी अटेंडेंस लगाने के लिए नेटवर्क की खोज में कई कई घंटे खड़े रहते हैं

### लाग आउट करने छत पर चढ़े

परसमनियां पहाड़ अंचल के शिक्षक स्कूल की छतों में चढ़कर अटेंडेंस लगाने का काफी समय तक प्रयास करने के बावजूद भी सफल नहीं हुए।

# नगर में निकाली गई तिरंगा यात्रा, हुआ जगह-जगह स्वागत



नवभारत न्यूज

**कोठी 13 अगस्त, नगर में भारतीय जनता पार्टी ने आज तिरंगा यात्रा निकाली जिसका नगर के लोगों ने भव्य स्वागत किया यात्रा सोनौर चौराहे से प्रारंभ होकर झाली चौराहे होते हुए कोठी बाजार का भ्रमण कर बस स्टैंड से निकलकर भाजपा कार्यालय पहुंची.**

इस बीच यात्रा का कोठी नगर के लोगों ने भव्य स्वागत किया फूल मालाओं की वर्षा कर जलपान वितरित किया जैसे ही यात्रा कोठी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सामने पहुंची जहां पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय के प्राचार्य यू के द्विवेदी एवं शिक्षक गण सभी मिलकर फूल मालाओं से यात्रा का स्वागत किया और भारत माता की जयकारे लगाएं यात्रा में मध्य प्रदेश शासन की राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी सतना सांसद गणेश सिंह भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पांडे व अन्य पाधिकारी गण सहित कोठी मंडल के कार्यकर्ता पदाधिकारी व सैकड़ो की संख्या मेंआमजन मौजूद रहे, इस दौरान कोठी थाना प्रभारी संतोष तिवारी अपने दल बल के साथ यात्रा में मौजूद रहे।

# हाई स्कूल पाला में नवागत शिक्षकों का हुआ भव्य स्वागत

नवभारत न्यूज

**अमदरा 13 अगस्त, विगत दिवस पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल पाला में पांच अलग-अलग विषयों के नवागत नियमित शिक्षक शिक्षकों का आगमन हुआ।**



जिसमें अंग्रेजी विषय में श्रीमती सीता देवी त्रिपाठी सिद्धार्थनगर से गणित में श्री सूर्य प्रकाश त्रिपाठी मिश्रा मैहर से सामाजिक विज्ञान में श्रीमती कविता बी मंडला से श्री संस्कृत में सुधीर जाटव शिवपुरी से एवं हिंदी विषय में सुश्री वर्षा खंगार नरसिंहपुर से नियुक्त हुए हैं। प्रभारी प्राचार्य रोहिणी प्रसाद पांडेय ने सभी का बैंड बाजा के साथ भव्य स्वागत किया एवं विद्यालय में उनके लगन एवं उत्साह के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी अपेक्षाएं प्रस्तुत की। इस अवसर पर शिक्षकों ने भी अपने स्वागत में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अपनी कर्तव्य निष्ठा के साथ कार्य करने की कटिबद्धता दोहराई है। इस प्रकार विद्यालय में अब सभी विषय के नियमित शिक्षक उपलब्ध है एवं क्षेत्र का सर्व सुविधा संपन्न अग्रणी विद्यालय अन्य विद्यालयों के लिए उदाहरण स्वरूप अपनी छवि एवं अपने बच्चों की प्रतिभा आसपास बिखेर रहा है। प्राचार्य ने आगामी समय में विद्यालय के और उन्नति एवं प्रगति के प्रति आशा व्यक्त की है।



# शा उच्च मा विद्यालय बिहरा क्र .1 में निकाली गई तिरंगा यात्रा

नवभारत न्यूज

**कोटर 13 अगस्त, ग्राम पंचायत के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई.**

यह तिरंगा यात्रा विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रामरती कोल और विद्यालय की हेड मास्टर श्रीमती पुष्पा मिश्रा के नेतृत्व में निकाली गई, तिरंगा यात्रा में विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिका शामिल रहे. तिरंगा यात्रा में विद्यालय के शिक्षक बिपिन बिहारी तिवारी, लालमन पटेल, संजीव कुमार गौतम, शिवम द्विवेदी, सविता सिंह, हेमलता सिंह, रावेन्द्र सिंह, कुंजल सतनामी, कृष्ण पाल, मनोज पाठक भी उपस्थित रहें। तिरंगा यात्रा को लेकर बच्चों में भी भारी उत्साह देखने को मिला और वंदे मातरम् भारत माता की जय के जयकारों से पूरा विद्यालय गूंज उठा.

### गणतंत्र दिवस में विशाल तिरंगा यात्रा निकलेगी

**कोटर।** जिले के कोटर क्षेत्र में 15 अगस्त 2026 को सुबह 9 बजे विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा कोटर नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद समाजसेवी श्रीमती रविता प्रभंजन सुपुत्र रवि प्रताप सिंह के सानिध्य में निकाली जाएगी। विशाल तिरंगा यात्रा उद्धव धाम कोटर, लक्ष्मीनारायण मन्दिर कोटर, देवीदाई मन्दिर कोटर, बस स्टैंड कोटर, सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की प्रतिमा में माल्यार्पण, डॉक्टर भीम राव अंबेडकर की मूर्ति, बस स्टैंड अबेर में अमर शहीद अनूप सिंह की प्रतिमा में माल्यार्पण, कोटर थाना प्रांगण में विराजमान पंचमुखी स्वामी श्री हनुमान जी स्वामी के पूजा अर्चना आराधना उपरांत मां अष्टभूजी माता मंदिर बाणसागर तक निकाली है। इस संबंध में सूचना ज्ञापन देने में अम्बुज सिंह (बेटू), दीनेंद्र सिंह (समीर) राजन रकवैर हिमांशु पांडे, अतुल गुप्ता, प्रदुम सिंह, त्रिविक्रांत त्रिपाठी, सर्वेश सिंह, अभिषेक सिंह, श्रीधर सिंह गुड्डा आदि लोग उपस्थित रहे जिसमें आप सब क्षेत्र वासियों से विशाल तिरंगा यात्रा में शामिल होने के लिए विनम्र निवेदन किया है। जिससे देश की एकता और अखंडता संप्रभुता को नई पहचान और दिशा प्रदान करने के लिए आप सब से ऊर्जा मिलती रहे।



# मलगौसा के पड़ो गांव में आदिवासियों के बीच लगी चौपाल

▸ कांग्रेस नेता आशुतोष द्विवेदी ने सुनी जनसमस्याएं, निराकरण करना का लिया संकल्प

नवभारत न्यूज

**मझगवां 13 अगस्त, चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र में जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस नेता एवं किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव आशुतोष द्विवेदी लगातार ग्रामीण अंचलों का दौरा कर आमजन से संवाद कर रहे हैं।**

इसीक्रम में उन्होंने ग्राम पंचायत मलगौसा के गांव पड़ो में आदिवासी समाज के बीच चौपाल लगाकर उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर ग्रामीणों से विस्तृत चर्चा की चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने अपनी बदहाल स्थिति बताते हुए कहा कि कई परिवारों के पास कागजों में जमीन तो है, लेकिन मौके पर जमीन का अधिकार और सीमांकन स्पष्ट नहीं है। ग्रामीणों ने बिजली की समस्या भी सामने रखी। उनका कहना था कि गांव में बिजली के खंभे तो खड़े हैं, लेकिन तारों में करंट नहीं है, जिसके कारण आज भी उन्हें मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है। ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के बाद आशुतोष द्विवेदी ने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक तरफ "सबका साथ, सबका विकास" का नारा दिया जाता है, वहीं दूसरी ओर आदिवासी बस्तियों में रहने वाले लोगों को आज भी जमीन, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय नेता गांव-गांव पहुंचकर जनता से बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन चुनाव के बाद पांच वर्षों तक इन्हीं ग्रामीणों की समस्याओं की सुध लेने वाला कोई नजर नहीं आता। द्विवेदी ने आरोप लगाया कि पटवारी स्तर पर सीमांकन जैसे सामान्य कार्यों के लिए भी ग्रामीणों को परेशान होना पड़ता है, वहीं छोटे-छोटे मामलों को लेकर ग्रामीण अधिकारियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि एसडीएम कार्यालय में लोगों को समय नहीं मिल रहा और कलेक्टर से मिलने के लिए भी आम जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस नेता ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि जनता की मूलभूत समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जनता को सड़क, बिजली, जमीन और प्रशासनिक सुविधाओं के लिए भटकना पड़े, यह किसी भी जिम्मेदार सरकार के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार आदिवासी समाज के विकास और कल्याण के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन जमीनी हकीकत जानने के लिए अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को इन बस्तियों में पहुंचकर ग्रामीणों के बीच बैठना चाहिए। उन्होंने कहा कि विकास का वास्तविक अर्थ तभी है, जब अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं और मूलभूत सुविधाओं का लाभ पहुंचे। आशुतोष द्विवेदी ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं को संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाया जाएगा और जरूरत पड़ने पर जनहित में आवाज को और मजबूती से उठाया जाएगा। चौपाल के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे और उन्होंने अपनी समस्याएं कांग्रेस नेता के समक्ष रखीं।

# थाना रामनगर की कार्रवाई पर फिर उठे सवाल

▸ गंभीर आरोपों के बाद एसपी कार्यालय पहुंचा मामला

नवभारत न्यूज

**बड़ा इटमा 13 अगस्त, रामनगर थाना क्षेत्र के भिटारी गांव से एक गंभीर मामला सामने आया है। कोल समाज के मेहनत-मजदूरी करने वाले परिवार ने कुछ लोगों पर खेत में रोपा लगाने के लिए दबाव बनाने, मना करने पर घर पहुंचकर मारपीट, गाली-गलौज, महिला के साथ कथित अभद्र व्यवहार और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं।**



मामला अब पुलिस अधीक्षक कार्यालय मैहर पहुंच गया है। पीड़ित परिवार ने एसपी के नाम दिए आवेदन में भोले पटेल, अतुल पटेल, सचिन पटेल सहित कुछ अन्य लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर निष्पक्ष जांच और परिवार की सुरक्षा की मांग की है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, रोपा लगाने से मना करने पर आरोपी कथित रूप से लाठी-डंडे लेकर उनके घर पहुंचे और राजकुमार कोल के साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे रंजीत कोल और रतन कोल के साथ भी मारपीट व गाली-गलौज का आरोप है। पीड़ित पक्ष ने अनुपमा कोल के साथ कथित अभद्र व्यवहार और गलत हरकत किए जाने का भी आरोप लगाया है। साथ ही महिलाओं और बच्चों को धमकाने तथा पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने की बात कही गई है। शिकायतकर्ताओं ने रामनगर पुलिस की कार्रवाई पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि उनकी शिकायत पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि डायल-112 के माध्यम से तैयार रिपोर्ट में घटना की पूरी गंभीरता दर्ज नहीं की गई। पीड़ित परिवार ने एसपी से एफआईआर, निष्पक्ष जांच और सुरक्षा की मांग की है। अब पुलिस जांच के बाद ही आरोपों की वास्तविकता और आगे की कार्रवाई स्पष्ट होगी।

# रीवा के कलाकारों की इंडिया गेट में होगी प्रस्तुति

**उचेहरा 13 अगस्त,** स्वतंत्रता दिवस की 80 वीं वर्षगांठ पर जनपद के कुंदहरी कला के इंडिया गेट लुधियाना टोला में ध्वजारोहण कार्यक्रम पश्चात 9 बजे से संगीतमय बघेली गीतों एवं कवियों की वीर रस से ओतप्रोत रचनाओं की प्रस्तुति होगी ज्ञात हो की कुंदहरी कला पंचायत द्वारा इस तरह का यह चौथा आयोजन है। बघेल खण्ड के सुप्रसिद्ध गायक पं. राजकुमार शास्त्री, रीवा से कामता माखन, (हास्य) कवि डॉ. उमेश लखन, सीधी (हास्य व्यंग्य) की ओत प्रोत रस धारा बहेगी वहीं प्रसिद्ध बघेली गायक अपने ओजस्वी गीतों से श्रोताओ को मंत्रमुग्ध करेंगे। उक्त आयोजन में सरपंच श्रीमती सविता सिंह पुत्र अभिषेक सिंह ने सुधि श्रोताओ से पहुंचने की अपील की ही।



# रुक्मणी विवाह की कथा सुनकर हुए आनंदित

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 13 अगस्त, धर्म नगर चित्रकूट के श्री विनोद कुंज फलाहारी आश्रम जानकीकड में चल रही कथा के छठवें दिन कथा व्यास श्री अशोक बजपेईश्री मद्भागवत कथा दिनांक 8अगस्त से 14 अगस्त तक चल रहा है.**



आज कथा का छटा दिवस आज की श्रीमद्भागवत कथा में श्री रुक्मणी जी के समर्पण का अद्वितिय समर्पण, त्याग एवं जीवन में मंगल कामना का उदाहरण के व्याक्ख्यान माला का दिव्यतम दिव्य चरित्र का समावेश श्री रुक्मणी जी के आदर्श का भारतीय ईतिहास मे नयी पिढी के लिये या यों कहे भविष्य मे आगे आने वाली संतति को मानो शिक्षित तौर पर बल देकर कैसे संपुर्ण परिवार का मर्यादा रखते हुये अपने मन का संकल्प भगवत चरणो मे अर्पित कर सभी मंगल कार्य पुर्ण ता को प्राप्त हुये यही भारतिय सनातन को का प्रतिभावान गौरव है अनादि है मर्यादित है ऐसे भारतीय इतिहास अमरत्व को प्रकाशित करता रहेगा रुक्मणी विवाह की कथा वाचक अशोक बाजपेयी के श्री मुख से श्रोताओं ने पहुंचकर कथा का आनंद लिया कथा का समापन 14 अगस्त को एक विशाल भंडारे केसाथ संपन्न होगा विनोद कुंज फलाहारी आश्रम के महंत राम प्यारे शरण दास ने बताया बताया कि गुरुदेव की कृपा से आश्रम में निरंतर कथाओं का आयोजन 8 अगस्त से लेकर 14 अगस्त तक कथा श्री अशोक वाजपेई के श्री मुख से अनेक प्रसंगों पर श्रीमद भागवत कथा का श्रोताओं को रसपान कराया गया जिसका समापन 14 अगस्त को एक विशालभंडारी के साथ सपन्न होगा.

# जैतवारा सेक्टर में राष्ट्रप्रेम के रंगों से सराबोर हुई तिरंगा यात्रा

▸ भारत माता के जयकारों से गूंज उठे ग्रामीण अंचल

नवभारत न्यूज

**जैतवारा 13 अगस्त, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड मझगवां के तत्वावधान में तथा नवांकुर संस्था 'शिवा ग्रामीण विकास संस्थान' के विशेष सहयोग से जैतवारा सेक्टर के अंतर्गत आने वाले सभी प्रस्फुटन ग्रामों में देशभक्ति और जन-उत्साह से भरपूर भव्य हर घर तिरंगा यात्रा का गरिमामय आयोजन किया गया।**




इस यात्रा ने ग्रामीण अंचल के जन-जन में राष्ट्रभक्ति, एकता और स्वाभिमान की एक नई अलख जगा दी। यह भव्य तिरंगा यात्रा सेक्टर जैतवारा के प्रमुख ग्रामों— नयागांव, खांच, पिपरी टोला, सुजावल, मझगवां, झरी एवं जैतवारा में पूरी भव्यता और देशभक्ति के अनूठे जज्बे के साथ निकाली गई। हाथों में लहराता पावन तिरंगा, युवाओं की असीम ऊर्जा और हवा में गूंजते 'भारत माता की जय' व 'वंदे मातरम' के गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र राष्ट्रप्रेम के रंगों में रंग गया। तिरंगा यात्रा का यह सफल एवं अनुशासित आयोजन नवांकुर संस्था के सेक्टर प्रभारी बृजेंद्र सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं निरंतर सहयोग से संपन्न हुआ। यात्रा के दौरान विभिन्न ग्रामों में नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने पुष्पवर्षा कर तिरंगे का ऐतिहासिक स्वागत किया, जिससे समूचा वातावरण राष्ट्रभक्ति की दिव्य ऊर्जा से ओत-प्रोत हो उठा। इस गरिमामयी तिरंगा यात्रा में प्रस्फुटन समिति नयागांव के अध्यक्ष विजय प्रकाश सोनी के नेतृत्व में क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवियों एवं प्रबुद्ध जनों की ऊर्जावान उपस्थिति सराहनीय रही। कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रकाश चंद्र त्रिपाठी, राजेंद्र सेन, ज्योति सोनी, आशीष गुप्ता, अजायब सिंह, कैलाश श्रीवास्तव, सरोज सिंह. शिवेंद्र द्विवेदी, भइयन विश्वकर्मा, राम चरित मिश्रा, आदि ने सहभागिता की। यात्रा के समापन अवसर पर बृजेंद्र सिंह ने तिरंगे के प्रति सम्मान और देश की अखंडता को बनाए रखने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि राष्ट्रीय ध्वज हमारी आन-बान और शान का प्रतीक है।